राष्ट्रीयशिक्षानीति: 2020

सिद्धार्थविश्वविद्यालय: कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगरम्

षण्मासससत्राधारितसंस्कृतस्य स्नातकपरास्नातकप्राक्शोधपाठ्यक्रम:

UG, PG & Pre-Ph.D Course Work,

Sanskrit Semester Based Syllabus - NEP 2020

पाठ्यक्रम समिति की बैठक (दिनांक 07.08.2025) द्वारा संशोधित

Department of Sanskrit

Siddharth University, Kapilvastu

Siddharthnagar, Uttar Pradesh, India- 272202

पाठ्यक्रम परिचय

Programme Outcomes (POs) -

- विद्यार्थियों को लेखन वाचन एवं अध्ययन की दृष्टि से भाषागत दक्षता प्राप्त होगी।
- सहज एवं स्वाभाविक रूप से भाषागत पारंगता प्राप्त कर उन में प्रभावशाली अभिव्यक्ति की क्षमता उत्पन्न होगी।
- आत्मविश्वास से युक्त एवं नेतृत्व क्षमता के धारक होंगे।
- नैतिक एवं चारित्रिक दृष्टि से मूल्यवान व्यक्तित्वधारी होकर भारतीयता के बोध के साथ वैश्विक नागरिक के रूप में भावी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे।

Programme Specific Outcomes (PSOs)

- सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा के रूप में संस्कृत भाषा के प्राचीन महत्त्व एवं उसकी वर्तमान प्रासंगिकता को जानने समझने योग्य होंगे।
- संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं के (गद्य, पद्य,नाटक व्याकरण इत्यादि) से सुपरिचित होकर संस्कृत भाषा के मर्मज्ञ बन सकेंगे।
- संस्कृत व्याकरण के विभिन्न अंगों के ज्ञान द्वारा भाषा के शुद्ध अध्ययन लेखन एवं उच्चारण के माध्यम से अभिव्यक्ति कौशल का विकास होगा।
- आयुर्वेद, वास्तुशास्त्र ज्योतिष नित्य नियमितिक कर्मकांड इत्यादि के माध्यम से जीव को उपार्जन के योग्य अवसर प्राप्त होंगे
- वैदिक एवं लौकिक संस्कृत साहित्य की समृद्धता एवं तन्निहित नैतिकता व आध्यात्मिकता की अनुभूति कर भारतीय संस्कृति के महत्व को वैश्विक स्तर तक पहुंचने में सक्षम होंगे।
- धर्म-दर्शन, आचार-व्यवहार, नीतिशास्त्र, एवं भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्वों को जानकर उत्तम चरित्रवान मानव एवं कुशल नागरिक बनेंगे।
- समसामयिक समस्याओं के समाधान के रूप में संस्कृत साहित्य में निबद्ध सर्वांगीणता के प्रति शोधपरक दृष्टि का विकास होगा।

विषय- संस्कृत स्नातक स्तर

संस्कृत स्नातक स्तर का यह 4 वर्षीय पाठ्यक्रम है, जो आठ सेमेस्टर में विभक्त है। इस पाठ्यक्रम के **प्रथम वर्ष** में छात्र को **प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर** में (6+6) 12 क्रेडिट के संस्कृत के एक-एक मेजर पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा। **द्वितीय वर्ष** में भी **तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर** में (6+6) 12 क्रेडिट के एक-एक मेजर पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा।

तृतीय वर्ष पंचम सेमेस्टर में (5+5) 10 क्रेडिट के संस्कृत विषय के दो मेजर पाठ्यक्रम का अध्ययन करना होगा। **तृतीय वर्ष षष्ठम सेमेस्टर** में छात्र को (5+5) 10 क्रेडिट के संस्कृत विषय के दो मेजर पाठ्यक्रम पढ़ने होंगे, जिसमें प्रथम प्रश्न पत्र सभी के लिए अनिवार्य होगा तथा द्वितीय प्रश्न पत्र के तीन वैकल्पिक प्रश्न पत्रों में से किसी एक का अध्ययन करना होगा।

चतुर्थ वर्ष सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर में क्रमश: 5-5 प्रश्न पत्रों (प्रत्येक 4 क्रेडिट) का अध्ययन करना होगा। प्रत्येक वर्ष के सभी सेमेस्टर में सभी प्रश्न पत्रों की 75-75 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 25-25 अंकों की आन्तरिक परीक्षा होगी। आन्तरिक परीक्षा में छात्र को (10+10+5=25 अंक) 25 अंक क्रमशः असाइनमेंट, लिखित तथा उपस्थिति एवं आचरण व्यवहार के आधार पर मूल्यांकन कर प्रदान किये जायेंगे। प्रत्येक सेमेस्टर में उत्तीर्णांक 40% होगा। प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के प्रत्येक सेमेस्टर उत्तीर्ण करने पर अध्येता क्रमश: स्नातक सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री एवं डिग्री विद आनर्स के लिए अर्ह होंगे।

यदि किसी अध्येता द्वारा प्रथम तीन वर्ष में 75% से अधिक अंक अर्जित किया जाता है तो उसे सीधे चतुर्थ वर्ष के स्नातक डिग्री आनर्स विद रिसर्च के पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। जिसमें छात्र द्वारा 4-4 क्रेडिट के चार प्रश्न पत्रों का अध्ययन किया जायेगा तथा दोनों सेमेस्टर में 4 क्रेडिट का एक-एक लघु शोधप्रबन्ध जमा करना होगा। इस पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने पर अध्येता को स्नातक डिग्री विद आनर्स विद रिसर्च की उपाधि प्रदान की जायेगी। प्रथम तीन वर्ष में 75% से कम अंक अर्जित करने वाले अध्येता इस पाठ्यक्रम के लिए पात्र नहीं होंगे।

विषय- संस्कृत परास्नातक स्तर

पंचम वर्ष के दोनों सेमेस्टर 20+20=40 क्रेडिट के होंगे। इसमें नवम एवं दशम सेमेस्टर के दो अनिवार्य प्रश्न पत्र तथा दो वैकल्पिक प्रश्नपत्र प्रत्येक सेमेस्टर में कुल चार प्रश्नपत्रों (कुल 16+16=32 क्रेडिट) एवं एक-एक लघु शोधप्रबन्ध (4+4=8 क्रेडिट) का जमा करना होगा।

<u>अवधेय- वैकल्पिक प्रश्नपत्रों की दो तालिकाएं I एवं II होंगी, जिसमें से प्रथम तालिका में चयनित प्रश्न पत्र ही द्वितीय तालिका से चयन कर अध्ययन करना होगा।</u>

इसमें प्रत्येक प्रश्न पत्र 75 अंकों का होगा तथा आंतरिक मूल्यांकन के प्रत्येक प्रश्नपत्र के 25 अंक शामिल होंगे जो (10+10+5=25 अंक) क्रमशः असाइनमेंट, लिखित तथा उपस्थिति एवं आचरण व्यवहार के आधार पर मूल्यांकन कर प्रदान किये जायेंगे। इस पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने के पश्चात अध्येता परास्नातक डिग्री के लिए अर्ह होगा।

विषय- अनुसन्धान में परास्नातक डिप्लोमा

(Pre. Ph.D Course Work)

षष्ठम वर्ष के 11वें सेमेस्टर में कुल 16 क्रेडिट होंगे। अध्यता को इस सेमेस्टर में कुल पांच प्रश्न पत्रों का अध्ययन करना होगा, जिसमें चार प्रश्न पत्र (4 x 2=8 क्रेडिट के तथा पांचवां प्रश्न पत्र 4 क्रेडिट का होगा, साथ ही साथ अध्येता को 4 क्रेडिट का एक लघु शोध प्रबंध भी जमा करना होगा। इस पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने के पश्चात अध्येता अनुसन्धान में परास्नातक डिप्लोमा, PGDR (Post Graduate Diploma in Research) के लिए अर्ह होगा।

विषय- विद्यावारिधि

षष्ठम वर्ष 12वें, सप्तम वर्ष 13-14वें एवं अष्टम वर्ष 15-16वें सेमेस्टर में छात्र यदि अध्ययन करता है और अपना शोध प्रबंध पूर्ण करता है तो वह संस्कृत विषय में विद्या वारिधि की उपाधि हेतु अर्ह होगा।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, उ०प्र०-272202

website-www.suksn.edu.in

संस्कृत विभाग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए स्नातक (बी०ए०) संस्कृत पाठ्यक्रम के सेमेस्टरगत प्रश्नपत्र (07 अगस्त 2025) को पाठ्यक्रम समिति द्वारा संशोधित)

स्नातक (मुख्य) पाठ्यक्रम

(उ०प्र० सरकार, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सी०बी०सी०एस० के अनुरूप)

वर्ष	सेमेस्टर	कोर्स कोड	प्रश्नपत्र का शीर्षक	प्रश्नपत्र का स्वरुप	सिद्धान्त/ प्रयोगात्मक	क्रेडिट	टिप्पणी
प्रथम	I	BSNC101	संस्कृत पद्य साहित्य एवं व्याकरण	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	6	Certificate
	I	BSNM102	संस्कृत सौरभ	माइनर	सैद्धान्तिकम्	6	
	II	BSNC111	संस्कृत गद्य साहित्य एवं अनुवाद	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	6	
द्वितीय	III	BSNC201	संस्कृत नाटक एवं व्याकरण	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	6	Diploma
	III	BSNM202	संस्कृत साहित्य मंजूषा	माइनर	सैद्धान्तिकम्	6	
	IV	BSNC211	काव्यशास्त्र एवं संस्कृत लेखन कौशल	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	6	
तृतीय	V	BSNC301	वैदिक वांग्मय एवं भारतीय दर्शन	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	5	Degree
		BSNC302	व्याकरण एवं भाषा विज्ञान	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	5	
	VI	BSNC311	आधुनिक संस्कृत साहित्य	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	5	
		BSNE312A	योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	5	
		BSNE312B	आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विज्ञान	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	5	
		BSNE312C	नित्य नैमित्तिक अनुष्ठान	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	5	
चतुर्थ	VII	BSNC401	वैदिक संहिता एवं भाष्यभूमिका	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC402	व्याकरणभाषाविज्ञानम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	

		BSNC403	काव्यशास्त्रम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	UG degree With Hounors
		BSNC404	न्यायवैशेषिकदर्शनम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC405	काव्यम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
	VIII	BSNC411	वेदोपनिषद्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC412	व्याकरणपालिप्राकृतापभ्रंश:	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC413	काव्यशास्त्रालङ्कार:	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC414	सांख्यवेदान्तदर्शनम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC415	चम्पूकाव्यं नाटकञ्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
OR (students who secure 75% marks in first six semesters are eligible for UG degree (hounors with research)							
चतुर्थ	VII	BSNC401	वैदिक संहिता एवं भाष्यभूमिका	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	UG degree (Hounors With Research)
		BSNC402	व्याकरणभाषाविज्ञानम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC403	काव्यशास्त्रम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC404	न्यायवैशेषिकदर्शनम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNP405	लघुशोधप्रबन्ध:	अनिवार्यम्	क्रियात्मकम्	4	
	VIII	BSNC411	वेदोपनिषद्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC412	व्याकरणपालिप्राकृतापभ्रंश:	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC413	काव्यशास्त्रालङ्कार:	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNC414	सांख्यवेदान्तदर्शनम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		BSNP415	लघुशोधप्रबन्ध:	अनिवार्यम्	क्रियात्मकम्	4	
पञ्चम	IX	MSNC501	महाभाष्यं स्वशास्त्रीयनिबन्धश्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNC502	भारतीयसंस्कृति: पर्यावरणञ्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		तालिका-I (छात्र A-वेद, B- व्याकरण, C-साहित्य और D- दर्शन में से किसी एक वर्ग के प्रश्नपत्र का अध्ययन कर सकता है।)					

		MSNE503A	संहिता ब्राह्मणयज्ञश्च	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE503B	प्रक्रिया	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE503C	काव्यं नाट्यशास्त्रञ्च	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE503D	न्यायवैशेषिकसिद्धान्तः	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		तालिका-II (तालिका I में चयनित वर्ग के ही प्रश्नपत्र का अध्ययन इस तालिका में से करना अनिवार्य है।)					
		MSNE504A	वेदाङ्गानि	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE504B	व्याकरणदर्शनम्	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE504C	गद्यपद्यकाव्यम्	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE504D	बौद्धमीमान्सादर्शनञ्च	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNP505	लघुशोधप्रबन्धः	अनिवार्यम्	क्रियात्मकम्	4	
	X	MSNC511	व्याकरणमनुवादश्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	PG DEGREE
		MSNC512	आधुनिकसंस्कृतकाव्यम्	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		तालिका-I (छात्र A-वेद, B- व्याकरण, C-साहित्य और D- दर्शन में से किसी एक वर्ग के प्रश्नपत्र का अध्ययन कर सकता है।)					
		MSNE513A	संहिता एवञ्च ब्राह्मणमीमांसा	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE513B	व्याकरणसाहित्येतिहासः	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE513C	रूपकं छन्दांसि	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE513D	न्यायसूत्रयोगदर्शनञ्च	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		तालिका-II (तालिका I में चयनित वर्ग के ही प्रश्नपत्र का अध्ययन इस तालिका में से करना अनिवार्य है।)					
		MSNE514A	वेदाङ्गानुक्रमणी	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNE514B	परिभाषालकारमीमांसा	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNC514C	काव्यमीमांसागद्यकाव्यञ्च	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		MSNC514D	माण्डूक्यकारिकशाङ्करवेदान्तश्च	वैकल्पिकम्	सैद्धान्तिकम्	4	

		MSNP515	लघुशोधप्रबन्धः	अनिवार्यम्	क्रियात्मकम्	4	
षष्ठम	XI	DSNC601C	वैदिकसाहित्ये अनुसन्धानाय उपागमाः नवोन्मेषानुसन्धानदृष्टयश्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	2	PGDR IN SUBJECT
		DSNC602C	पुराणेतिहास-धर्मशास्त्रागमे चानुसन्धाय उपागमाः नवोन्मेषानुसन्धानदृष्टयश्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	2	
		DSNC603C	पालि-संस्कृतसाहित्ययोः अनुसन्धानाय मूलतत्त्वानि नवोन्मेषानुसन्धानदृष्टयश्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	2	
		DSNC604C	प्राचीननव्यव्याकरणयोः नवोन्मेषानुसन्धानदृष्टयः	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	2	
		DSNC605C	शोधप्रविधिः पाण्डुलिपिविज्ञानञ्च	अनिवार्यम्	सैद्धान्तिकम्	4	
		DSNP605	लघुशोधप्रबन्धः	अनिवार्यम्	क्रियात्मकम्	4	
षष्ठम सप्तम एवं अष्टम	XII-XVI	DSNR606	शोधप्रबन्धः	अनिवार्यम्	क्रियात्मकम्		PH.D IN SUBJECT

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर-272202

website-www.suksn.edu.in

Programs /Class: Certificate कार्यक्रम/वर्ग – सर्टिफिकेट	Year: First वर्ष-प्रथम	Semester: I सेमेस्टर - प्रथम
विषय- संस्कृत		
BSNC101	संस्कृत पद्य साहित्य एवं व्याकरण	

Course Outcomes: अधिगम/ उपलब्धि

विद्यार्थी संस्कृत साहित्य का परिचय प्राप्तकर काव्य के विभिन्न भेदों से परिचित हो सकेंगे। वह संस्कृत पद्य साहित्य की सुगीतात्मकता का सौन्दर्य बोध कर सकेंगे। उनमें काव्य में प्रयुक्त रस, छन्द, एवं अलंकारों को समझने की क्षमता विकसित। पद्य में निहित सूक्तियों एवं सुभाषित वाक्यों के माध्यम से उनके नैतिक एवं चारित्रिक उन्नयन होंगें। विद्यार्थियों के शब्दकोष में वृद्धि होने के साथ-साथ वह संस्कृत श्लोंकों के शुद्ध एवं सस्वर उच्चारण के कौशल में निपुण होंगें। संस्कृत व्याकरण का सामान्य ज्ञान प्राप्तकर उसकी वैज्ञानिकता से सुपरिचित हो सकेंगे। संस्कृत वर्णों के शुद्ध उच्चारण कौशल का विक्स होगा। स्वर एवं व्यंजन के मूल भेद को समझकर पृथक अर्थावगमनकी क्षमता उत्पन्न होंगी । स्वर, व्यंजन एवं विसर्ग संधि का विशिष्ट ज्ञान एवं उनके अनुप्रयोग का कौशल विकसित होगा।

Credit - 6	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-90, Per week (in hours): 6 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures
I	(क) संस्कृत वाङ्मय में पारंपरिक ज्ञान विज्ञानं एवं राष्ट्रगौरव- वैदिक और लौकिक संस्कृत साहित्य में भारतीय दर्शन, भूगोल एवं खगोल, गणित, ज्योतिष तथा वास्तु, योग, आयुर्वेद, अर्थशास्त्र, विज्ञान, संगीत इत्यादि का सामान्य परिचय । (ख) संस्कृत काव्य का सामान्य परिचय एवं पद्य काव्य की परम्परा, प्रमुख आचार्य – महाकवि वाल्मीकि, महाकवि वेदव्यास, महाकवि कालिदास, महाकवि भारवि, महाकवि माघ, श्रीहर्ष एवं जयदेव ।	12

II	किरातार्जुनीयम् - प्रथम सर्ग (1-25 पद्य पर्यन्त) नीतिशतकम् - (1-25 पद्य पर्यन्त) (व्याख्यात्मक एवं समीक्षात्मक प्रश्न)	24
III	कुमारसम्भवम् - (1-30 पद्य पर्यन्त) (व्याख्यात्मक एवं समीक्षात्मक प्रश्न)	12
IV	संज्ञाप्रकरणम् – (लघुसिद्धांतकौमुदी)	12
V	अच्सन्धि - (यण्, गुण, वृद्धि, अयादि, दीर्घ, पूर्वरूप एवं पररूप) सूत्र व्याख्या एवं सूत्र निर्देश पूर्वक सिद्धि	10
VI	हल्सन्धि - (मोऽनुस्वारः सूत्रपर्यन्त) विसर्ग सन्धि - ('विप्रतिषेधे परं कार्यम्' सूत्र पर्यन्त) (सूत्र व्याख्या एवं सूत्र निर्देश पूर्वक सिद्धि)	20

संस्तुत ग्रन्थ-

- किरातार्जुनीयम् (प्रथम सर्ग), डॉ. राजेन्द्र मिश्र, अक्षयवट प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण जुलाई 1981
- किरातार्जुनीयम् (प्रथम सर्ग), डॉ. जनार्दनशास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन, दिल्ली जनवरी 2014
- किरातार्जुनीयम्, महाकाव्य अनु० श्री राम प्रताप त्रिपाठी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संवत् 2028 (1971)
- कुमारसंभवम् (प्रथम सर्ग), श्री कृष्णमणि त्रिपाठी, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 2015
- नीतिशतकम्, भर्तृहरि (व्या०) सावित्री गुप्ता, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली, 2008
- नीतिशतकम् भर्तृहरि (व्या०) राकेश शास्त्री, परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली, 2003
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, डॉ. बलदेव उपाध्याय, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, जनवरी 2017
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर शर्मा ऋषि, चौखम्बा भारतीय अकादमी, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पंचम संस्करण, 1997
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, वरदराज, भैमीव्याख्या, भीमसेन शास्त्री (1 से 6 भाग), भैमी प्रकाशन, दिल्ली, 1993
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, गोविंद प्रकाश शर्मा एवं आचार्य रघुनाथ शास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, 2013

Programs /Class: Certificate कार्यक्रम/वर्ग – सर्टिफिकेट	Year: First वर्ष-प्रथम	Semester: सेमेस्टर - प्रथम
विषय – संस्कृत माइनर		
प्रश्नपत्र कोड –BSNM102	**प्रश्नपत्र शीर्षक - संस्कृत सौरभ**	

Course Outcomes: अधिगम/ उपलब्धि

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के पश्चात् विद्यार्थी वैदिक साहित्य के सामान्य परिचय जैसे वेद वेदांग ब्राह्मण आरण्यक उपनिषद् आदि के विषय में सामान्य जानकारी प्राप्तकर भारतीय ज्ञान परम्परा से परिचित हो सकेगा। संस्कृत भाषा का प्रयोग सामान्य बोलचाल की भाषा में प्रयोग कर सकेगा। संस्कृत भाषा के व्याकरण के नियमों, अजन्त, हलन्त शब्दों का तीनों लिंगो में परिचय, सामान्य बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त होने वाले महत्वपूर्ण प्रत्ययों एवं सुभाषितों आदि का ज्ञान प्राप्त कर सकेगा। जीवनोपयोगी मन्त्रों, स्त्रोत्रों एवं संस्कृत संख्यायों की जानकारी प्राप्त कर सकेगा।

Credit - 6	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-90, Per week (in hours): 6 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	वैदिक संस्कृत साहित्य का सामान्य परिचय- वेद, वेदांग, ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यक एवं उपनिषद्।	15
II	माहेश्वर सूत्र, वर्णों का उच्चारण स्थान तथा आभ्यन्तर तथा वाह्य प्रयत्न, संज्ञा परिचय (इत्, लोप, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, अनुनासिक, संयोग एवं पद)	15
III	अजन्त एवं हलन्त शब्द का तीनों लिङ्गों में परिचय एवं वाक्य प्रयोग, महत्त्वपूर्ण प्रत्ययों (तव्यत् अनीयर् त्त्वा, तुमुन् एवं ल्यप्) का उदाहरण सहित सामान्य ज्ञान।	15
IV	संस्कृत सुभाषित परिचय एवं पद्य संग्रह (सुभाषितसंग्रह) (पं० वासुदेव द्विवेदी)	20
V	जीवनोपयोगी श्लोकों तथा प्रमुख स्तोत्रों का ज्ञान (जलशुद्धि मंत्र, शरीरशुद्धि मंत्र, आसनशुद्धि मंत्र, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, शिवपंचाक्षरस्तोत्र एवं गणेश मंत्र)	15
VI	संस्कृत में 1 से 100 तक संख्या ज्ञान एवं सहस्र, लक्ष, कोटि अर्बुदम् आदि का सामान्य ज्ञान ।	10

संस्तुत ग्रन्थ-

- संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर शर्मा ऋषि, चौखम्बा भारतीय अकादमी, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, बाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पंचम संस्करण, 1997
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, वरदराज, भैमीव्याख्या, भीमसेन शास्त्री (1 से 6 भाग), भैमी प्रकाशन, दिल्ली, 1993
- संस्कृत व्याकरण एवं अनुवाद कला, ललित कुमार मंडल, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 2007
- अनुवाद चन्द्रिका, डॉ. यदुनन्दन मिश्र, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, जनवरी 2023
- अनुवाद चन्द्रिका, ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2017
- अनुवाद चन्द्रिका, चक्रधर हंस नौटियाल, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1999
- संस्कृत रचना, वी०एस०आप्टे, (अनु०) उमेशचन्द्र पाण्डेय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2008
- रचनानुवादकौमुदी, पं० कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2011
- नीतिशतकम्, भर्तृहरि (व्या०) सावित्री गुप्ता, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली, 2008

Programs /Class: Certificate कार्यक्रम/वर्ग : सर्टिफिकेट	Year First वर्ष- द्वितीय	Semester: II सेमेस्टर द्वितीय
विषय – संस्कृत		
BSNC111	**संस्कृत गद्य साहित्य एवं अनुवाद**	

Courses outcomes: अधिगम उपलब्धि-

विद्यार्थी संस्कृत गद्य साहित्य का सामान्य ज्ञान प्राप्त कर गद्य काव्य के भेदों से सुपरिचित हो सकेंगे। सम्बन्धित साहित्य के माध्यम से उनका नैतिक एवं चारित्रिक उत्कर्ष होगा। राष्ट्रशक्ति की भावना प्रबल होगी तथा उत्तम नागरिक बनेंगे। उनके अनुवाद कौशल में वृद्धि होगी। संस्कृत गद्य के धारा प्रवाह एवं शुद्ध वाचन का कौशल विकसित होगा। विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों कि भावना का संचार होगा।

Credits: 6	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-90, Per week (in hours): 6 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No.of Lectures व्याख्यान संख्या
I	गद्य साहित्य का उद्भव एवं विकास	10
II	प्रमुख संस्कृत गद्यकार - बाणभट्ट, दण्डी, सुबन्धु, शूद्रक, अम्बिकादत्त व्यास	10
III	शुकनासोपदेश:, लक्ष्मीचरित्र वर्णन पर्यन्त (व्याख्या एवं प्रश्न)	15
IV	शिवराजविजयम् प्रथम निश्वास (व्याख्या)	15
V	विभक्त्यर्थप्रकरणम् (लघुसिद्धान्तकौमुदी)	20
VI	हिन्दी से संस्कृत अनुवाद तथा संस्कृत से हिन्दी अनुवाद	20

संस्तुतग्रन्थ-

- शुकनासोपदेश, बाणभट्ट. (संपा.) चन्द्रशेखर द्विवेदी, महालक्ष्मी प्रकाशन, आगरा, प्रथम संस्करण, 1986-87
- शुकनासोपदेश, रामनाथ शर्मा सुमन, साहित्य भण्डार, मेरठ, 2015
- शुकनासोपदेश, डॉ. महेश कुमार श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी 2017
- शिवराजविजयम्, डॉ. रमाशंकर मिश्र, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 1 जनवरी 2017
- शिवराजविजयम्, डॉ. महेश कुमार श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय प्रकाशन 2017
- शिवराजविजयम् डॉ. देवनारायण मिश्र, साहित्य भण्डार, मेरठ 1956
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, बलदेव उपाध्याय, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 1 जनवरी 2017
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर शर्मा ऋषि, चौखम्बा भारतीय अकादमी, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, बाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पंचम संस्करण, 1997
- संस्कृत व्याकरण एवं अनुवाद कला, ललित कुमार मंडल, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 2007
- अनुवाद चन्द्रिका, डॉ. यदुनन्दन मिश्र, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, जनवरी 2023
- अनुवाद चन्द्रिका, ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2017
- अनुवाद चन्द्रिका, चक्रधर हंस नौटियाल, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1999
- संस्कृत रचना, वी०एस०आप्टे, (अनु०) उमेशचन्द्र पाण्डेय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2008
- रचनानुवादकौमुदी, पं० कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2011

Programs /Class: Diploma कार्यक्रम/वर्ग : डिप्लोमा	Year Second वर्ष- द्वितीय	Semester: III सेमेस्टर : तृतीय
विषय – संस्कृत		
प्रश्नपत्र कोड – BSNC201	**प्रश्नपत्र शीर्षक - संस्कृत नाटक एवं व्याकरण**	
Courses outcomes: अधिगम उपलब्धि- संस्कृत नाट्य साहित्य को सामान्य रूप से समझ सकने में सक्षम होंगे। नाटक की पारिभाषिक शब्दावली से सुपरिचित होंगे। नाटक में प्रयुक्त रस, छन्द एवं अलंकारों का सम्यक् बोध कर सकेंगे। संवाद एवं अभिनय कौशल में पारंगत होंगे। नवीन पदों के ज्ञान द्वारा उनके शब्दकोश में वृद्धि होगी। भारतीय सांस्कृतिक तत्त्वों एवं मूल्यों को आत्मसातकर, भारतीयता के गर्वबोध से युक्त उत्तम नागरिक बनेंगे। व्याकरणपरक शब्दों की सिद्धि प्रक्रिया से परिचित हो सकेंगे।		
Credits: 6	**Core Compulsory**	
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%	
Total No. of Lectures-90, Per week (in hours): 6 lectures.		

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No.of Lectures व्याख्यान संख्या
I	नाट्य साहित्य परंपरा तथा प्रमुख नाटककार का परिचय (भास, अश्वघोष, भवभूति, भट्टनारायण एवं विशाखदत्त)	8
II	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (1-2 अंक)	20
III	अभिज्ञानशाकुन्तलम् (3-4 अंक)	18
IV	अजन्तप्रकरणम् (लघुसिद्धांत कौमुदी) पुल्लिंग- राम, सर्व, हरि, सखि, स्त्रीलिंग - रमा मति, नपुंसकलिंग – ज्ञान, वारि (सूत्र व्याख्या एवं शब्दरूप सिद्धि)	22
V	हलन्तप्रकरणम् (सामान्य परिचय एवं रूप स्मरण) पुल्लिंग - इदम्, राजन्, तद, अस्मद एवं युष्मद स्त्रीलिंग – किम् एवं इदम् नपुंसकलिंग – इदम्,	10
VI	समासकरणम् (लघु सिद्धान्तकौमुदी) (सोदाहरण सूत्र व्याख्या)	12

संस्तुत ग्रन्थ-

- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, रामनारायण लाल विजयकुमार प्रकाशन, इलाहाबाद, 1 जनवरी 2021
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - डॉ. उमेश चन्द्र पाण्डेय, प्राच्य भारतीय संस्थान, गोरखपुर, अक्टूबर 1998
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - डॉ. बाबूराम त्रिपाठी, महालक्ष्मी प्रकाशन आगरा, 1981
- अभिज्ञानशाकुन्तलम् - डॉ. गंगा सहाय प्रेमी, साहित्य सरोवर प्रकाशन, 2020
- संस्कृत नाटक : उद्भव और विकास, डॉ. ए०बी० कीथ, अनु० उदयभानु सिंह, मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली, 1975
- नाट्यसाहित्य का इतिहास और नाट्यसिद्धान्त, जयकुमार जैन, साहित्य भण्डार, मेरठ 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर शर्मा ऋषि, चौखम्बा भारतीय अकादमी, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पंचम संस्करण, 1997
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, वरदराज, भैमीव्याख्या, भीमसेन शास्त्री (1 से 6 भाग), मैमी प्रकाशन, दिल्ली, 1993
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, गोविंद प्रकाश शर्मा एवं आचार्य रघुनाथ शास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, 2022
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, डॉ. रामकृष्ण आचार्य, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा 2020

Programs /Class: Diploma कार्यक्रम/वर्ग : डिप्लोमा	Year Second वर्ष- द्वितीय	Semester: III सेमेस्टर : तृतीय
विषय – संस्कृत माइनर		
BSNM202	संस्कृत साहित्य मंजूषा	

Course outcomes अधिगम उपलब्धि-

विद्यार्थी संस्कृत साहित्य एवं उसके शास्त्रीय तत्त्वों से परिचित हो सकेंगें। संस्कृत साहित्य के महाकाव्यों नाटकों एवं कथाओं में प्रतिपादित लोक-कल्याणकरी भावनाओं से प्रेरित हो सकेंगे। श्रीमद्भगवतगीता के सांख्य योग अध्याय में वर्णित आत्मा के स्वरूप, बौद्ध दर्शन के प्रमुख सिद्धांतों एवं न्याय दर्शन में प्रतिपादित प्रमाण विमर्श का विवेचन कर सकेंगें ।काव्य शास्त्रीय अलंकारों के वैशिष्ट्य से परिचित होकर काव्य रचना कौशल का ज्ञान प्राप्तकर सकेंगे ।संस्कृत व्याकरण के कारक विभक्ति एवं स्वर संधियों का ज्ञान प्राप्त करेंगें ।

Credits: 6	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-90, Per week (in hours): 6 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	संस्कृत साहित्य का इतिहास – रामायणम्, महाभारतम्, पंचतंत्रम्, हितोपदेशः, रघुवंशम्, कुमारसम्भवम्, कादम्बरीकथामुखम्, अभिज्ञानशाकुन्तलम् (सामान्य परिचय)	12
II	साहित्यदर्पण से अलंकार (लक्षण एवं उदाहरण) अनुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा एवं उत्प्रेक्षा	15
III	स्वर सन्धि प्रकरण का सामान्य परिचय (दीर्घ, गुण, वृद्धि, यण् तथा अयादि सन्धि)	15
IV	कारक एवं विभक्ति का उदाहरण सहित सामान्य परिचय एवं अनुप्रयोग	18
V	श्रीमद्भगवद्गीता (अध्याय-2, आत्मास्वरूप वर्णन श्लोक सं० 1- 30 तक)	15
VI	बौद्ध दर्शन के सिद्धान्त (चार आर्यसत्य, प्रतीत्यसमुत्पाद) एवं न्यायदर्शन में प्रमाण (प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान एवं शब्द) सामान्य परिचय	15

संस्तुत ग्रन्थ-

- संस्कृत साहित्य का इतिहास, उमाशंकर शर्मा ऋषि, चौखम्बा भारतीय अकादमी, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पंचम संस्करण, 1997
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, वरदराज, भैमीव्याख्या, भीमसेन शास्त्री (1 से 6 भाग), मैमी प्रकाशन, दिल्ली, 1993
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, गोविंद प्रकाश शर्मा एवं आचार्य रघुनाथ शास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, 2022
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, श्री धरानन्द शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1961
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, डॉ. रामकृष्ण आचार्य, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, 2020
- लघुसिद्धांतकौमुदी (भैमी व्याख्या), भीमसेन शास्त्री, भैमी प्रकाशन लाजपत राय मार्केट, नई दिल्ली, संस्करण 2009
- भारतीय दर्शन आलोचना एवं अनुशीलन, चन्द्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसी दास प्रथम संस्करण 1990
- सर्वदर्शनसंग्रह, माधव जनार्दन रटाटे, भारतीय विद्या प्रकाशन दिल्ली, 2020
- श्रीमद्भगवद्गीता- गीता प्रेस गोरखपुर, 2014
- श्रीमद्भगवद्गीता (यथारूप), कृष्णकृपा मूर्ति, भक्तिवेदान्त बुक ट्रस्ट, संस्करण 1 जनवरी 2019
- वृत्तरत्नाकर, धरानन्द शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, तृतीय संस्करण 1972

Programs /Class: Diploma कार्यक्रम/वर्ग : डिप्लोमा	Year Second वर्ष- द्वितीय	Semester: IV सेमेस्टर : चतुर्थ
विषय – संस्कृत		
BSNC211	**काव्यशास्त्र एवं संस्कृत लेखन कौशल**	

Course outcomes: अधिगम उपलब्धि-

विद्यार्थी काव्यशास्त्र के उद्भव और विकास से सुपरिचित होकर काव्य शास्त्रीय तत्वों को समझने में सक्षम होंगे । छंद भेद एवं उनके नियमों को समझने में समर्थ होंगे। संस्कृत अलंकारों के ज्ञान के माध्यम से काव्य के सौंदर्य का बोध कर सकेंगे। कल्पनाशीलता एवं रचनात्मक क्षमता का विकास होगा। शब्द ज्ञानकोष में वृद्धि होगी । व्याकरण शास्त्र के ज्ञान के माध्यम से शुद्ध वाक्य विन्यास कौशल का विकास हो सकेगा। विद्यार्थियों में निबंध एवं अनुच्छेद लेखन क्षमता का विकास होगा। संस्कृत पत्र लेखन कौशल में वृद्धि होगी। अपठित अंश के माध्यम से विषय वस्तु अवबोध एवं अभिव्यक्ति का कौशल विकसित होगा।

Credits: 6	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-90, Per week (in hours): 6 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	संस्कृत काव्यशास्त्र परंपरा तथा प्रमुख काव्य शास्त्रीय ग्रन्थ एवं आचार्य का परिचय - भामह, दण्डी, वामन, आनन्दवर्धन, मम्मट, कुन्तक, क्षेमेंद्र, विश्वनाथ, जगन्नाथ।	10
II	साहित्यदर्पण: (1-2 परिच्छेद)	25
III	साहित्यदर्पण: (तृतीय परिच्छेद) - रस निरूपण पर्यन्त	10
IV	अलंकार (साहित्य दर्पण से अधोलिखित अलंकार) अनुप्रास, यमक, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रांतिमान, दृष्टांत, विभावना, विशेषोक्ति ।	10
V	छन्दोमंजरी से अधोलिखित छन्दों के लक्षण एवं उदाहरण- अनुष्टुप् , आर्या, वंशस्थम्, द्रुतविलंबितम्, भुजंगप्रयातम्, बसंततिलका, इंद्रवज्रा, मंदाक्रांता, शिखरिणी, शार्दूलविक्रीडितम्।	25
VI	सम-सामयिक एवं स्व-शास्त्रीय निबन्ध लेखन एवं पत्र लेखन	10

संस्तुत ग्रन्थ-

- साहित्यदर्पण (विश्वनाथ कविराज), सत्यव्रत सिंह, चौखंबा विद्याभवन, वाराणसी 2013
- साहित्यदर्पण, शालिग्राम शास्त्री मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, वाराणसी 2016
- साहित्यदर्पण, राज किशोर सिंह प्रकाशक केंद्र, लखनऊ 2020
- छन्दोऽलंकारसौरभम्, डॉ. सावित्री गुप्ता, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली, 2009
- छन्दोऽलंकारसौरभम्, प्रो. राजेंद्र मिश्र, अक्षयवट प्रकाशन 2017
- गंगादास कृत छन्दोमंजरी, डॉ० ब्रहमानंद त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, 2017
- संस्कृत साहित्य का इतिहास उमाशंकर शर्मा 'ऋषि', चौखंबा भारती अकादमी, वाराणसी, पुनर्मुद्रित 2012
- संस्कृत साहित्य का इतिहास, वाचस्पति गैरोला, चौखंबा विद्याभवन वाराणसी, पंचम संस्करण 1997

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : डिग्री	Year Third वर्ष- तृतीय	Semester: V सेमेस्टर : पञ्चम
विषय – संस्कृत		
BSNC301	**प्रथम प्रश्नपत्र - वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय दर्शन**	

Course outcomes: अधिगम उपलब्धि-

वैदिक वाङ्मय एवं संस्कृति का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। वैदिक एवं औपनिषदिक संस्कृति के प्रति गौरव बोध होगा। वेदोक्त संदेशों एवं मूल्यों के माध्यम से आचरण का उदात्तीकरण होगा। उपनिषद् का सामान्य परिचय एवं निहित उपदेशों का अवबोध होगा। औपनिषदिक कर्म संयम भक्ति एवं त्यागमूतक संस्कृति से परिचित होंगे। वैदिक एवं औपनिषदिक संस्कृति के प्रति गौरव बोध होगा वैदिक सूक्तों के माध्यम से विद्यार्थियों को तत्कालीन आध्यात्मिक सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिदृश्य का निदर्शन होगा। भारतीय दार्शनिक तत्वों का सामान्य ज्ञान प्राप्त होगा। दार्शनिक तत्वों में अनुस्यूत गूढार्थ बोध होगा। दार्शनिक तत्वों के प्रति विश्लेषणात्मक एवं तार्किक क्षमता का विकास होगा । दर्शन में विद्यमान नैतिक एवं कल्याणपरक तथ्यों से आत्मोत्कर्ष की अभिप्रेरणा प्राप्त होगी। भारतीय दर्शन में निहित उद्देश्यों एवं ज्ञान को आचरण में समाहित करने हेतु अभिप्रेरित होंगे । गीता ज्ञान रहस्य द्वारा सृष्टि कल्याणार्थ भाव विकसित होंगे।

Credits: 5	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-75, Per week (in hours): 5 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	वैदिक वाङ्मय का सामान्य परिचय (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् एवं वेदांग)	08
II	ऋग्वेद संहिता- अग्नि सूक्त (1.1), पुरुष सूक्त (10.90), हिरण्यगर्भ सूक्त (10.121), यजुर्वेद संहिता- शिव संकल्प सूक्त अथर्ववेद संहिता पृथ्वी सूक्त (12.1, 1 से 12 मन्त्र)	25
III	ईशावास्योपनिषद् (व्याख्या एवं समीक्षात्मक प्रश्न)	10
IV	भारतीय दर्शन का सामान्य परिचय- नास्तिक दर्शन- चार्वाक, जैन और बौद्ध। आस्तिक दर्शन- न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा एवं वेदांत (परिचयात्मक प्रश्न)	12
V	श्रीमद्भगवतगीता- द्वितीय, तृतीय एवं नवम अध्याय) व्याख्या एवं समीक्षात्मक प्रश्न	20

संस्तुत ग्रन्थ-

- ईशावास्योपनिषद्, डॉ शिव प्रसाद द्विवेदी चौखंबा, वाराणसी 2011
- ईशावास्योपनिषद्, गीता प्रेस, गोरखपुर, 1994
- ऋग्वेद संहिता राम गोविंद त्रिवेदी चौखंबा विद्याभवन, वाराणसी 2016
- ऋक्सूक्त संग्रह, हरिदत्त शास्त्री, साहित्य भंडार, मेरठ 1960
- ऋक्सूक्त सौरभ, देवेन्द्र नाथ पाण्डेय, जगदीश संस्कृत पुस्तकालय, जयपुर 1916
- वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, वाचस्पति गैरोला, चौखंबा प्रकाशन 2016
- संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास- डॉ० कपिलदेव द्विवेदी 2021
- वैदिक साहित्य का इतिहास, डॉ करण सिंह, साहित्य भंडार मेरठ, 2021
- वैदिक साहित्य की रूपरेखा, प्रो. हंसराज अग्रवाल, चौखंबा विद्याभवन प्रकाशन, वाराणसी 1981
- वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, आचार्य बलदेव उपाध्याय, चौखंबा प्रकाशन 2010
- श्रीमद्भगवद्गीता, हरि कृष्णदास गोयन्दका, गीता प्रेस, गोरखपुर, 2009
- श्रीमद्भगवद्गीता, (सम्पा०) गजानन शंभू साधले शास्त्री, परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली, 1985
- भारतीय दर्शन, जगदीश चंद्र मिश्र, चौखंबा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2010
- भारतीय दर्शन, आलोचन और अनुशीलन, चंद्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2004
- भारतीय दर्शन का इतिहास, एस.एन. दासगुप्ता (अनु) कला नाथ शास्त्री एवं सुधीर कुमार राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, 1978

Programs /Class: Diploma कार्यक्रम/वर्ग : डिप्लोमा	Year : Third वर्ष- तृतीय	Semester: V सेमेस्टर : पञ्चम
विषय – संस्कृत		
BSNC302	द्वितीय प्रश्नपत्र - व्याकरण एवं भाषा विज्ञान	

Course outcomes: अधिगम उपलब्धि-

विद्यार्थियों को भाषा विज्ञान के उद्भव एवं विकास का सामान्य ज्ञान प्राप्त होगा।

संस्कृत भाषा एवं व्याकरण की वैज्ञानिकता का अवबोध होगा।

भाषा एवं भाषा विज्ञान की उपयोगिता एवं महत्व से सुपरिचित होंगे।

ध्वनि के प्रारंभिक एवं वर्तमान स्वरूप एवं ध्वनि परिवर्तन के कारणों के प्रति विश्लेषणात्मक दृहि विकसित होगी।

पदों की सिद्धि प्रक्रिया के माध्यम से शब्द निर्माण की वैज्ञानिकता से परिचित होंगे।

संस्कृत भाषा के शुद्ध उच्चारण एवं लेखन का कौशल विकसित होगा।

Credits: 5	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-75, Per week (in hours): 5 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	तिङन्तप्रकरणम् (लघुसिद्धान्त कौमुदी) भू, गम्, एध् (लट् लकार मात्र) (सूत्र व्याख्या एवं रूप सिद्धि)	20
II	कृदन्तप्रकरणम् (लघुसिद्धान्त कौमुदी) कृत्य प्रत्यय - तव्यत्, अनीयर्, यत्, ण्यत् कृत् प्रत्यय - तुमुन्, क्त्वा, ल्यप्, क्त, क्त्वतु, शतृ, शानच्, ण्वुल, तृच्- णिनि (प्रकृति-प्रत्यय निर्धारण एवं वाक्य प्रयोग)	13
III	तद्धितप्रकरणम् (अपत्यार्थ), लघुसिद्धान्त कौमुदी- प्रकृति प्रत्यय निर्धारण एवं वाक्य प्रयोग।	12
IV	स्त्रीप्रत्यय: (लघुसिद्धान्त कौमुदी)- टाप् एवं ङीप् प्रत्यय (सूत्र व्याख्या एवं रूप सिद्धि)।	15
V	भाषा विज्ञान का स्वरूप, भाषा विज्ञान के मुख्य अंग एवं उपादेयता, भाषा की परिभाषा एवं स्वरूप, भाषा की विशेषताएं, भावाभिव्यक्ति के साधन एवं भाषा के अनेक रूप (बोली भाषा विभाषा) भाषा का उद्भव एवं विकास, भाषा परिवर्तन की दिशाएं एवं कारण, ध्वनि परिवर्तन की दिशाएं एवं कारण।	15

संस्तुत ग्रन्थ-

- लघुसिद्धान्तकौमुदी, वरदराज, भैमी व्याख्या, भीमसेन शास्त्री (1-6 भाग), भैमी प्रकाशन, दिल्ली 1993
- लघुसिद्धान्त, गोविंद प्रसाद शर्मा एवं आचार्य रघुनाथ शास्त्री, चौखंबा सुरभारती प्रकाशन 2022
- लघुसिद्धान्त डॉ रामकृष्ण आचार्य विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा 2020
- लघुसिद्धान्त, धरानन्द शास्त्री, मोतीलाल, बनारसी दास 2021
- भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र, कपिल देव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, द्वादश संस्करण 2010
- भाषा विज्ञान, भोलानाथ तिवारी, किताब महल प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद 1977

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : डिग्री	Year : Third वर्ष- तृतीय	Semester: VI सेमेस्टर : षष्ठम
विषय – संस्कृत		
BSNC311	प्रथम प्रश्नपत्र - आधुनिक संस्कृत साहित्य	

Course outcomes: अधिगम उपलब्धि-

आधुनिक संस्कृत कवियों से सुपरिचित होंगे।नवीन बिम्बविधानों एवं नवीन विषयों का ज्ञान प्राप्त होगा।

आधुनिक संस्कृत साहित्य के बालसाहित्य से परिचित होते हुए संस्कृत शिक्षण के सरलतम विधि के प्रति उन्मुख होंगे।

आधुनिक संस्कृत साहित्य में विद्यमान नैतिक एवं कल्याणपरक तथ्यों से आत्मोत्कर्ष की अभिप्रेरण प्राप्त होगी।

आधुनिक संस्कृत साहित्य में निहित उद्देश्यों एवं ज्ञान को आचरण में समाहित करने हेतु अभिप्रेरित होंगे।

Credits: 5	Core Compulsory
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-75, Per week (in hours): 5 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	आधुनिक संस्कृत साहित्य के प्रमुख कवि एवं उनकी कृतियों का सामान्य परिचय - प्रो० अभिराज राजेन्द्र मिश्र, प्रो० हरिदत्त शर्मा, प्रो० हर्षदेव माधव, प्रो० वनमाली विश्वाल, प्रो० राधावल्लभ त्रिपाठी।	10
II	आधुनिक महाकाव्य - प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र प्रणीत महाकाव्य 'जानकीजीवनम्' प्रथम सर्ग सम्पूर्ण (व्याख्या एवं समीक्षात्मक प्रश्न) ।	20
III	आधुनिक नाटक - प्रो० राधावल्लभ त्रिपाठी कृत प्रेक्षण-सप्तकम् (एकांकी) सम्पूर्ण ।	12
IV	संस्कृत उपन्यास - 'पद्मिनी' (प्रथमे प्रकाशे प्रथमो विकासः) मोहन लाल शर्मा पाण्डेय	13
V	संस्कृत कथा- कथामुक्तावली (क्षणिक विभ्रमः)- पण्डिता क्षमाराव	20

संस्तुत ग्रन्थ-

- कथामुक्तावली (पण्डिता क्षमाराव) P.J. Pandya for N.M.Tripathi Ltd, Princess Street, Bombay-2 1877
- जानकीजीवनम् प्रथम सर्ग, प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र, बैजयन्त प्रकाशन, 8 बाघम्बरी मार्ग, भारद्वाजपुरम् इलाहाबाद ऑनलाइन पी. डी. एफ. उपलब्ध ...
- प्रेक्षण-सप्तकम् (एकांकी), प्रो० राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रतिभा प्रकाशन, शक्तिनगर, नई दिल्ली 1997
- 'पद्मिनी' (प्रथमे प्रकाशे प्रथमो विकासः) - मोहन लाल शर्मा पाण्डेय ऑनलाइन पी. डी. एफ. उपलब्ध ...

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : डिग्री	Year : Third वर्ष- तृतीय	Semester: VI सेमेस्टर : षष्ठम
विषय – संस्कृत		
BSNE312A	द्वितीय प्रश्नपत्र - योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (वैकल्पिक)	

Course outcomes : अधिगम/उपलब्धि-

भारतीय योग शास्त्र के प्राचीन एवं वैज्ञानिक ज्ञान से लाभान्वित होंगे।

योग शास्त्र के मूलभूत सिद्धांतों को जानकर योग की महत्ता से परिचित होंगे।

योग के वास्तविक स्वरूप के अवबोध द्वारा योग को जीवन में समाहित करने हेतु प्रेरित होंगे।

योग के आसनों के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक दोनों पक्षों को समान रूप से सीख सकेंगे।

योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के अनुप्रयोग द्वारा होंगे स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकने में समर्थ होंगे।

Credits: 6	Optional/वैकल्पिक
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-75, Per week (in hours): 5 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	योग की अवधारणा उपयोगिता एवं महत्व प्रमुख आचार्य एवं उनके ग्रंथ का सामान्य परिचय	10
II	योगसूत्र- समाधि पाद (सूत्र 1 से 15 तक)	10
III	योगसूत्र - साधना पाद (सूत्र 29 से 40 तक) योगसूत्र- विभूति पाद (सूत्र 1 से 10 तक)	20
IV	घेरण्ड संहिता - प्रथमोपदेश (श्लोक 1 से 15) घेरण्ड संहिता- प्रथमोपदेश (श्लोक 16 से 32)	20
V	घेरण्ड संहिता - द्वितीयोपदेशः (आसनप्रकरणम्) सिद्धासन, पद्मासन, मुक्तासन, वज्रासन, सिंहासन घेरण्ड संहिता - द्वितीयोपदेशः (आसनप्रकरणम्) वीरासन, धनुरासन, मृतासन, पश्चिमोत्तानासन, भुजङ्गासन	15

संस्तुत ग्रन्थ-

- पातंजलयोगदर्शनम् - पतंजलि कृत योगसूत्र, व्यास भाष्य, वाचस्पति मिश्र कृत तत्त्ववैशारदी एवं विज्ञान भिक्षु कृत योगवार्त्तिक सहित, (संपादक) नारायण मिश्र, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, 1981
- योग दर्शन, हरि कृष्णदास गोयन्दका, गीता प्रेस, गोरखपुर 2001
- पातंजलयोगदर्शनम्, सुरेश चंद श्रीवास्तव, चौखंबा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी 2021
- घेरंड संहिता, घेरण्ड मुनि, भाष्यकार स्वामी जी महाराज, पीतांबरा पीठ, दतिया, मध्य प्रदेश 2019
- यज्ञ चिकित्सा, ब्रह्मवर्चस, शांतिकुंज, हरिद्वार, 2019
- योग तथा मानसिक स्वास्थ्य, सुभाष विद्यालंकार, ज्ञान भारती पब्लिकेशन दिल्ली, 2019
- योग विज्ञान स्वरुप परम्परा एवं प्रयोग, सीताराम झा (श्याम), प्रकाशन विभाग, 2021
- मैत्री भावना- मानसिक स्वास्थ्य एवं सुखी जीवन का चमत्कारिक योग, कमलाकर मिश्र, काशी योग एवं मूल्य शिक्षा संस्था वाराणसी, 2009
- भारतीय दर्शन आलोचना एवं अनुशीलन, चन्द्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसी दास प्रथम संस्करण 1990
- सर्वदर्शनसंग्रह, माधव जनार्दन रटाटे, भारतीय विद्या प्रकाशन दिल्ली, 2020

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : डिग्री	Year : Third वर्ष- तृतीय	Semester: VI सेमेस्टर : षष्ठम
विषय – संस्कृत		
BSNE312B	द्वितीय प्रश्नपत्र - आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विज्ञान	

Course outcomes : **अधिगम/उपलब्धि-**

भारतीय प्राच्य ज्ञान की अद्भुत देन आयुर्वेद का सामान्य ज्ञान प्राप्त करेंगे।

मानव स्वास्थ्य एवं रोग निवारण हेतु आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों से सुपरिचित होंगे।

वर्तमान समय में आयुर्वेद की आवश्यकता एवं महत्व से अवगत होते हुए मानव कल्याणार्थ अनुप्रयोग हेतु प्रेरित होंगे।

अष्टांग आयुर्वेद के ज्ञान द्वारा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु अग्रसर होंगे।

Credits: 6	Optional/वैकल्पिक
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-75, Per week (in hours): 5 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	आयुर्वेद का सामान्य परिचय, उद्भव एवं विकास प्रमुख आचार्य चरक, सुश्रुत, वाग्भट, माधव, शार्ङ्गधर, भावमिश्र	10
II	आयुर्वेद का अर्थ एवं परिभाषा, मूलभूत सिद्धांत, वर्तमान काल में उपयोगिता एवं महत्व, अष्टांग आयुर्वेद का सामान्य परिचय	10
III	चरक संहिता (सूत्र स्थानम्) - प्रथम अध्याय (श्लोक 41 से 92) चरक संहिता (सूत्र स्थानम्) - प्रथम अध्याय (श्लोक 93 से समाप्ति पर्यंत)	20
IV	चरक संहिता (सूत्र स्थानम्) - नवम अध्याय चरक संहिता – (सूत्र स्थानम्) दशम अध्याय	20
V	अष्टांगहृदयम् – वाग्भट (सूत्रस्थानम्)- प्रथम अध्याय 1-44	15

संस्तुत ग्रन्थ-

- चरक संहिता, (सम्पा०) ब्रह्मानंद त्रिपाठी, चौखंबा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2005
- अष्टांगहृदयम्, वाग्भट, (सम्पा०) ब्रह्मानंद त्रिपाठी, चौखंबा संस्कृत प्रतिष्ठान दिल्ली, पुनर्मुद्रित 2014
- आयुर्वेद का बृहद इतिहास, अत्रिदेव विद्यालंकार, हिंदी समिति, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, द्वितीय संस्करण 1976
- संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, बलदेव उपाध्याय, आयुर्वेद का इतिहास (सप्तदश खंड), उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ 2006
- आयुर्वेद का वैज्ञानिक इतिहास, आचार्य प्रियव्रत शर्मा, चौखंबा प्रकशन वाराणसी, 2018
- आयुर्वेद इतिहास एवं परिचय, विद्याधर शुक्ल एवं रवि दत्त त्रिपाठी, चौखंबा चौखंबा प्रकशन, वाराणसी 2017
- संस्कृत साहित्य में आयुर्वेद, अत्रिदेव विद्यालंकार, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी प्रथम संस्करण, 1956

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : डिग्री	Year : Third वर्ष- तृतीय	Semester: VI सेमेस्टर : षष्ठम
विषय – संस्कृत		
BSNE312C	द्वितीय प्रश्नपत्र - नित्य नैमित्तिक अनुष्ठान	

Course outcomes : अधिगम/उपलब्ध

विद्यार्थी भारतीय पारंपरिक कर्मकांड एवं धार्मिक मूल्यों से परिचित हो सकेंगे।

नित्य नैमित्तिक अनुष्ठान विधि को जानकार जीवन को नियमबद्ध एवं आचरणशील बनाने में समर्थ होंगे।

भारतीय कर्मकांड के प्रामाणिक शास्त्रीय रूप से परिचित होकर उसकी भारतीय उपयोगिता जानने योग्य बनेंगे।

सामान्य अनुष्ठान संपन्न कराने योग्य कुशल और पौरोहित्य कर्म विशारद बनेंगे।

आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में सकुशल एवं आत्मनिर्भर बनेंगे।

Credits: 6	Optinal/(वैकल्पिक)
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 40%

Total No. of Lectures-75, Per week (in hours): 5 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	नित्य नैमित्तिक कर्म का स्वरूप (प्रातरुत्थान, स्नान, संध्या तर्पण, पञ्चयज्ञ, देवयज्ञ, पितृ यज्ञ तथा भूतयज्ञ)	10
II	नित्य नैमित्तिक कर्म विधि - स्वस्तिवाचन, संकल्प, गौरी- गणेश पूजन, तथा वरुण कलश स्थापन षोडशोपचार पूजन, कुशकण्डिका विधि, कुण्डनिर्माण, तथा होम विधि	20
III	रुद्राभिषेक, महामृत्युन्जय जप, नवचंडी विधान, नवग्रह शान्ति, दु:स्वप्न शान्ति तथा वैध्व्योपशान्ति	20
IV	प्राग्जन्म, जातकर्म संस्कार, अन्नप्राशन तथा चोलकर्म संस्कार	15
V	गृहारम्भ तथा गृह प्रवेश	10

संस्तुत ग्रन्थ-

- पारस्करगृह्यसूत्र, संपादक सुधाकर मालवीय, चौखंबा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, 2023
- कर्म कौमुदी, डॉ बृजेश कुमार शुक्ल, नाग प्रकाशक, दिल्ली 2001
- कर्मठगुरु, मुकुंद बल्लभ मिश्र, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली 2001
- आपस्तम्बीय कर्म मीमांसा, प्रयाग नारायण मिश्र, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली 2016
- हिंदू संस्कार, राजबली पांडे चौखंबा विद्याभवन, वाराणसी 1995
- धर्म शास्त्र का इतिहास, प्रथम भाग, अर्जुन चौबे, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ 2014
- संस्कार प्रकाश, भवानी शंकर त्रिवेदी, लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली, 2025
- पौरोहित्यकर्म प्रशिक्षक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ, 2022
- नित्यकर्म पूजा प्रकाश, पं० लालबिहारी मिश्र, गीता प्रेस गोरखपुर, 2023
- धर्मशास्त्र का इतिहास, पांडुरंग वामन काणे, (अनु०) अर्जुन चौबे कश्यप, प्रथम भाग, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ, 1973

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : **डिग्री विथ ऑनर**	Year : Fourth वर्ष- चतुर्थ	Semester: VII सेमेस्टर : सप्तम
विषय – संस्कृत		
BSNC401	**प्रथमप्रश्नपत्रम् – वैदिक संहिता एवं भाष्यभूमिका**	

पाठ्यक्रमोद्देश्यानि (Course Objectives) :

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वैदिक साहित्य एवं संहिता का व्यापक परिचय देना है। इस पाठ्यक्रम में ऋग्वेद एवं ऋग्वेद भाष्य भूमिका के कुछ महत्वपूर्ण स्तोत्र तथा महत्वपूर्ण संवाद सूक्त शामिल हैं, जिसके माध्यम से छात्र प्राचीन भारतीय वैदिक संस्कृति को समझ सकेंगे।

अधिगम (Learning/ Outcomes) :

इस पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र को कुछ वैदिक देवताओं की प्रकृति, क्रिया और प्रतिनिधित्व के बारे में ज्ञान प्राप्त होगा। वैदिक मन्त्रों के अर्थ की व्याख्या करने में सक्षम होंगे। प्राचीन और आधुनिक टीकाकारों की कुछ प्रसिद्ध टिप्पणियों के अनुसार वैदिक मंत्रों को उनके वास्तविक रूप में पढ़ने का प्रयास करेंगे। वैदिक छंदों एवं वेदों की स्वर प्रक्रिया का ज्ञान प्राप्त करेंगे ।

Credits: 4	**Core Compulsory/ अनिवार्यम्**
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 33%

Total No. of Lectures-60, Per week (in hours): 4 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	ऋग्वेदः- वरुणसूक्तम् (१.२५), सवितृसूक्तम् (१.३५), सूर्यसूक्तम् (१.१५१)	15
II	ऋग्वेदः - उषस् सूक्तम् (३.६१) पर्जन्यसूक्तम् (५.८३) वाक्सूक्तम् (१०.१२५)	15
III	विश्वामित्रनदीसंवादसूक्तम् (३.३३), यम-यमी संवादसूक्तम् (१०.१०)	15
IV	सरमा-पणिसंवादसूक्तम् (१०.१०८), पुरुरवा-उर्वशीसंवादसूक्तम्	15

संस्तुत ग्रन्थ-

- ऋक्सुक्तसङ्ग्रहः, डॉ. हरिदत्त शास्त्री, साहित्य भण्डार मेरठ, संस्करण- 1960
- वैदिक सूक्त संग्रह, गीता प्रेस गोरखपुर, संस्करण- 2021
- वेदचयनम्, विश्वम्भरनाथ त्रिपाठी, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, संस्करण- 1984
- ऋग्वेद संहिता, पं. दामोदरपतद सातवलेकर, नाग प्रकाशन, 2019
- वैदिक व्याकरण, डॉ. रामगोपाल, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, संस्करण- 2022
- वैदिक साहित्य और संस्कृति, प्रो. बलदेव उपाध्याय, शारदा मंदिर काशी, संस्करण-1958
- वैदिक साहित्य और संस्कृति, डॉ. कपिल देव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, संस्करण- 2000
- वैदिक साहित्य का इतिहास, डॉ. रघुवीर वेदालंकार, चौखम्बा ओरियांटालिया, दिल्ली, संस्करण- 2017
- वैदिक साहित्य और संस्कृति का वृहद् इतिहास, प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय, विश्वप्रकाशन, संस्करण-2021

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : **डिग्री विथ ऑनर**	Year : Fourth वर्ष- चतुर्थ	Semester: VII सेमेस्टर : सप्तम
विषय – संस्कृत		
BSNC402	द्वितीयप्रश्नपत्रम् - व्याकरणभाषाविज्ञानम्	

पाठ्यक्रमोद्देश्यानि (Course Objectives) :

यह पाठ्यक्रम छात्रों को दर्शन एवं आधुनिक भाषाविज्ञान की कुछ महत्वपूर्ण अवधारणा एवं सिद्धान्तों का साक्षात्कार कराता है और उनके प्रकाश में संस्कृत भाषा को देखने और उसका विश्लेषण करने में उनकी मदद करता है | पाठ्यक्रम शिक्षार्थी को संस्कृत ध्वन्यात्मकता, आकृति विज्ञान, वाक्य रचना और शब्दार्थ से परिचित कराएगा। यह पाठ्यक्रम छात्रों को अष्टाध्यायी यानी महाभाष्य की कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण अवधारणाओं के बारे में बताता है।

अधिगम (Learning/ Outcomes) :

इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के बाद छात्र आधुनिक भाषा विज्ञान के आगमन के साथ हुई संस्कृत भाषा का अवलोकन और विश्लेषण करने में सक्षम होंगे। ऐतिहासिक भाषाविज्ञान की मूल अवधारणा और भाषा परिवर्तन के नियम और संस्कृत में उनके अनुप्रयोग को समझ सकेंगे। भाषा और भाषा विज्ञान के दर्शन के प्राचीन भारतीय विचारकों के योगदान का अवलोकन और सराहना करने में सक्षम होंगे। व्याकरण के इतिहास के महत्वपूर्ण प्रासंगिक और उनके उद्देश्य को समझने में सक्षम होंगे। शब्द की प्रकृति, अर्थ और उनके संबंध और व्याकरणविदों के स्फोटसिद्धांत को समझने में सक्षम होंगे।

Credits: 4	Core Compulsory/ अनिवार्यम्
Max. Marks: 25+75	Min. Passing Marks: 33%

Total No. of Lectures-60, Per week (in hours): 4 lectures.

Unit/ इकाई	Topics/ पाठ्य विषय	No. of Lectures व्याख्यान संख्या
I	तिङन्तप्रकरणे 'भू' धातोः रूपाणां सूत्रोल्लेखपूर्वकं सिद्धिः। (लोट्, लङ्, लृट् एवं लिट् लकार)	15
II	तिङन्तप्रकरणे 'एध्' धातोः रूपाणां सूत्रोल्लेखपूर्वकं सिद्धिः । (लोट्, लङ्, लृट् एवं लिट् लकार)	15
III	भाषाविज्ञानम् - भाषाशास्त्रम्, संघटनात्मकभाषाशास्त्रम्, भाषायाः घटकानि, भारोपीयभाषापरिवारः।	15
IV	भाषा विज्ञान- ध्वनिनियमाः- ग्रिम-ग्रासमान-वर्नरश्च, अर्थपरिवर्तनस्य दिशः, कारणानि, स्फोटसिद्धान्तः ।	15

संस्तुत ग्रन्थ-

- लघुसिद्धान्तकौमुदी, वरदराज, भैमीव्याख्या, भीमसेन शास्त्री (1 से 6 भाग), भैमी प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 1993
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, गोविंद प्रकाश शर्मा एवं आचार्य रघुनाथ शास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, संस्करण 2013
- लघुसिद्धान्तकौमुदी, डॉ. रामकृष्ण आचार्य, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, संस्करण 2020
- भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र, डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, संस्करण- 2019
- भाषा विज्ञान, रामअवध पाण्डेय, रविनाथ मिश्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, संस्करण-2014
- भाषा विज्ञान, डॉ. भोलानाथ तिवारी, किताब महल दिल्ली, संस्करण-2019
- भाषा विज्ञान, डॉ. भोलानाथ तिवारी, मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली, संस्करण-1998
- आधुनिक भाषा विज्ञान, डॉ. विवेक शंकर, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, संस्करण- 2022
- संस्कृत भाषा शास्त्रीय अध्ययन, डॉ. भोला शंकर व्यास, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, संस्करण-2013
- भाषा विज्ञान, डॉ. विजयपाल सिंह, संजय बुक सेंटर वाराणसी, संस्करण 1999

Programs /Class: Degree कार्यक्रम/वर्ग : **डिग्री विथ ऑनर**	Year : Fourth वर्ष- चतुर्थ	Semester: VII सेमेस्टर : सप्तम
विषय – संस्कृत		
BSNC403	तृतीय प्रश्नपत्रम् - काव्यशास्त्रम्	

पाठ्यक्रमोद्देश्यानि (Course Objectives) :

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य काव्य प्रकाश के पाठ के माध्यम से भारतीयों के आलोचनात्मक विश्लेषण के विभिन्न आयामों का परिचय देना है, तथा साथ ही साथ नैषध काव्य की माधुर्यता का रसास्वादन कराते हुए मानव मूल्यों से परिचित कराना है।

अधिगम (Learning/ Outcomes) :

